भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2227
उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2019
सोमवार, 11 अग्रहायण, 1941 (शक)

महात्मा गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति (एमजीएनएफ)

2227. श्री तालारी रंगैय्याः डॉ. संजीव कुमार शिंगरीः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने, जिला स्तर पर कौशल विकास में तेजी लाने हेतु हाल ही में एक द्वि-वर्षीय महात्मा गांधी राष्ट्रीय अध्येत्तावृत्ति (एमजीएनएफ) अध्येत्तावृत्ति आरंभ करने के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) बेंगलौर के साथ एक संविदा पर हस्ताक्षर किए हो;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस कार्यक्रम हेतु आंध्र प्रदेश राज्य से कोई प्रतिनिधि का चयन किया गया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हो?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री आर. के. सिंह)

(क) तथा (ख) जिला स्तर पर कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप (एमजीएनएफ) कार्यक्रम चलाने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), बंगलुरू के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। एमजीएनएफ एक दो वर्षीय शैक्षणिक कार्यक्रम है जिसमें जिला प्रशासन के साथ व्यावहारिक अनुभव घटक अन्तरनिहित है। इसमें व्यक्तियों का संवर्ग सृजित करने तथा उन्हें ऐसे मिश्रित शैक्षिक कार्यक्रम में प्रशिक्षित करने की व्यवस्था है, जिस शैक्षिक इनपुट्स के साथ-साथ जिला स्तर पर व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है, ताकि कौशल विकास समर्थक जिला स्तरीय इकोसिस्टम को समझना और उसके सृजन में योगदान देना संभव हो सकेगा। इन घटकों के पूर्ण करने के पश्चात अध्येताओं को सार्वजनिक नीति और प्रबंधन में प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके प्रायोगिक चरण में 75 महात्मा गांधी राष्ट्रीय अध्येताओं को 6 चयनित राज्यों नामत: (i) गुजरात; (ii) कर्नाटक; (iii) मेघालय; (iv) राजस्थान; (v) उत्तराखंड; और (vi) उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में तैनात किया जाएगा।

(ग) और (घ) एमजीएनएफ अध्येताओं के चयन की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.11.2019 थी। चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी किए जाने से पूर्व एक लिखित प्रवेश परीक्षा के बाद एक केस विश्लेषण और व्यक्तिगत साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

****